Seventeenth Loksabha

an>

Title: Issue regarding law and order situation in Rajasthan.

श्री सी.पी. जोशी (चित्तौड़गढ़): सभापति महोदय, मैं राजस्थान की कुछ घटनाओं की ओर आपका ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूं। अभी राजस्थान में जिस प्रकार से तुष्टीकरण की नीति चल रही है। हिन्दू नववर्ष के अवसर पर प्रदेश और देश भर में जुलूस निकल रहे थे, तब राजस्थान के करौली जिले और कई स्थानों पर शांतिपूर्वक शोभा यात्रा निकल रही थी। हजारों की संख्या में लोग नववर्ष को मना रहे थे, ऐसे समय वहां पथराव किया गया, आगजनी की गई, दुकानों में आग लगा दी गई।

केवल करौली ही नहीं राजस्थान के अनेक इलाकों में जानबूझकर इस प्रकार के उपद्रवियों और असामाजिक तत्वों ने शांतिपूर्वक निकल रहे जुलूसों के ऊपर पथराव किया। अभी कुछ दिनों पूर्व ही सालासर बालाजी में एक राम दरबार की मूर्ति को तोड़ा गया। राजस्थान में कई जगहों पर मंदिरों को निशाना बनाया गया।

मेरी आपके माध्यम से सरकार से मांग है, देश भर में कई जगह मंदिर बन रहे हैं। एक तरफ अयोध्या में प्रभु श्रीराम का मंदिर बन रहा है, आबूधाबी में भी भगवान का मंदिर बन रहा है, लेकिन राजस्थान की सरकार जानबूझकर धार्मिक स्थानों को तोड़ने और निशाना बनाने का काम रही है। वहां बहन-बेटियां रात को निकल नहीं सकतीं, बेटियों के साथ अत्याचार और दुराचार होता है।

अगर वे पुलिस के पास न्याय मांगने जाती हैं तो पुलिस अधिकारी उन पर अत्याचार करते हैं। अगर वे अस्पताल में जाती हैं तो वहां बलात्कार हो जाता है। एम्बुलेंस में बच्चों और बहनों का बलात्कार हो जाता है। इस तरह से अबला कहीं भी सुरक्षित नहीं है। वहां न किसान सुरक्षित हैं और न सरकारी कर्मचारी सुरक्षित हैं। सरकार के विधायक कर्मचारियों के साथ मारपीट कर रहे हैं। सरकार के विधायकों के लड़के बच्चों के साथ बलात्कार कर रहे हैं।

मेरी आपके माध्यम से सरकार से मांग है कि ऐसी सरकार को तुरंत बर्खास्त किया जाए। वहां शासन, प्रशासन में राम राज्य आए, इसके लिए जरूरी है कि राजस्थान सरकार को बर्खास्त किया जाए। धन्यवाद।